एक नजर में

जल निगम ने आपूर्ति प्रणालियों की जांच की

नवभारत न्यूज, पड़ाना 21 मार्च, सं. शनिवार जल निगम महाप्रबंधक यूके चौधरी और अधिकारी सचिन दांगी के नेतृत्व में टीम ने पड़ाना नगर में जल सर्वेक्षण किया .जल आपूर्ति प्रणालियों की जांच कर नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं . इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल सिंह दुगरिया, पूर्व सरपंच यशवंत सिंह माली, विशाल गुप्ता, गंगाराम सिरोलिया, हरिप्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने नल जल योजना के तहत गंदा पानी, कहीं ज्यादा तो कहीं कम चल रहे नल की शिकायत ग्रामीणों ने की . वही मेहबूब मंसूरी, नन्नू भाई, अनीश भाई ,बाबू खा मजिद इत्यादि लोगों ने बताया कि जब से नल कनेक्शन लिए हैं तब से नल जल योजना बंद है . जिससे उन्हें पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है . जहां विभागीय अधिकारियों ने सदर बाजार के एक हिस्से सहित अन्य जगहों पर बंद पड़ी नल जल योजना के तहत अपोजिट लाइन डालने का आश्वासन दिया .

ईद की नमाज अदा कर मांगी अमनचैन की दुआ

नवभारत न्यूज, लखनवास 21 मार्च, सं. मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा पवित्र रमजान माह के 30 दिन के रोजे के बाद चांद दिखाई देने पर शनिवार सुबह ईद की नमाज अदा की . नगर के नालियाखेड़ी रोड के समीप ईदगाह पर पहुंचकर बड़ी तादाद में मुस्लिम बंधुओ द्वारा खुदा से आपसी भाईचारे अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद की नमाज अदा की गई . ईद की नमाज मस्जिद के मौलाना द्वारा कुरान की आयात पढ़ाकर अमन चैन का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा करवाई गई . बल्डी ईदगाह पर ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रशासन एवं ईद मिलन कमेटी द्वारा रखा गया . जहां पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओं ने इत्र पान कराकर एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी .

इस मौके पर थाना प्रभारी रजनीश सिरोटिया एवं चौकी प्रभारी वर्मा, ओपी मीना सहित मालावर थाने की पूरी टीम एवं प्रशासनिक अमला मुस्तेद रहा . कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मीना के और भी वरिष्ठ नागरिक, ईद मिलन कमेटी के सभी सदस्य सहित ईद मिलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे .

105 क्विंटल मिल्क पावडर के साथ 2 पकड़े

राजस्थान के डीग से किया गिरफ्तार, कुल 34 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका जप्त

ट्रक से मिल्क पावडर उड़ाने वाले आरोपी धराए

अमानत में खयानत करने वाले अंतरराज्यीय आरोपी पुलिस गिरफ्त में

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 21 मार्च, का. थाना देहात पुलिस को अमानत में खयानत के मामले में सफलता मिली है. संलिप्त अंतरराज्यीय आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में माल एवं नगदी जप्त की गई. घटना बीते 08 मार्च की है. फरियादिया पूजा शर्मा पति मोहन शर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी किला गेट ग्वालियर द्वारा थाना देहात ब्यावरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके 700 कट्टे नोवा मिल्क पाउडर को वाहन चालक द्वारा अमानत में खयानत करते हुए हड़प लिया गया. रिपोर्ट के आधार पर थाना देहात ब्यावरा में अपराध क्रमांक 71/26 धारा 316(2) बीएनएसएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

200 कैमरों की जांच, राजस्थान के डीग से मिले आरोपी

घटना के दौरान आरोपी विवेचना के दौरान ही फरार हो गए थे. आरोपी की तलाश हेतु थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रवीण जाट के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई. ट्रक के आने जाने वाले रूट और आसपास के लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चैक किया गया. साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी का लोकेशन ट्रैस की गई जो कि थाना पहाड़ी, जिला डींग (राजस्थान) क्षेत्र में प्राप्त हुआ. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम राजस्थान रवाना की गई, जहां से आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया.

105 क्विंटल मिल्क पावडर जब्त

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 420 कट्टे (कुल 105 क्विंटल) मिल्क पाउडर सहित 02 लाख रुपये नगद (बेचे गए माल की राशि) सहित कुल 34 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में मुन्फेद पिता शरीफ मेव, उम्र 24 वर्ष, निवासी भोरी, थाना पहाड़ी, जिला डींग (राजस्थान) और रफीक पिता शम्मू मेव, उम्र 37 वर्ष, निवासी झुजीपुर, थाना पहाड़ी, जिला डींग (राजस्थान) शामिल है. कार्यवाही में पुलिस टीम की ओर से उप निरीक्षक प्रवीण जाट, थाना प्रभारी देहात ब्यावरा, उप निरीक्षक अमित त्यागी, थाना सारंगपुर, संदीप दांतरे थाना छापीहेड़ा, रवि मौर्य थाना देहात ब्यावरा, हितेश यादव, आरक्षक सुमित दौहरे, साइबर सेल राजगढ़ शामिल रहे.

वैक्सीनेशन में लापरवाही : 53 सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

राजगढ़, 21 मार्च, का. वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है. कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्य की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विकासखंडों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन अपेक्षित स्तर से कम है. सोंगरपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रों में की औसत उपलब्धता लगभग 30 प्रतिशत रही, जो निर्धारित 52 प्रतिशत के औसत से काफी कम है. इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिले के कुल 53 हैल्थ ऑफिसर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं. संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.

जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वैक्सीनेशन का लक्ष्य 15,942 निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 8,478 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं. कलेक्टर ने शेष लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि टीकाकरण कार्य में तेजी लाते हुए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए.

लखनवास में 1.59 करोड़ रुपये के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने विभिन्न पंचायतों में लाखों के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण

नवभारत न्यूज

लखनवास 21 मार्च, सं. लखनवास कस्बे में शनिवार को राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा लखनवास में आयोजित समारोह में ब्यावरा विधानसभा के तहत लगभग 26 करोड़ 79 लाख से होने वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया.

लखनवास में 1.59 करोड़ रुपये के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया. इस अस्पाताल के संचालित होने से लखनवास सहित आसपास क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा.

राज्यमंत्री श्री पंवार ने 15 करोड़ रुपए की लागत से लखनवास से दूधिया दीवान जोड़ तक 7.70 किलोमीटर सड़क का भूमि पूजन किया. उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाये.

ग्राम पंचायत गांगाहोनी, आमडोर, पाडलीगुसाई, लखनवास, सीलखेड़ा, भंवास, पातलापानी, तरेना, बगवाज, बेरियाखेड़ी, सेमलापार, टोड़ी, चुकल्या, खेजड़ा महाराजा, कुंडीखेड़ा, आगर, सुंदरपुरा में विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया.

स्वागत को लेकर नाराज हुए राज्यमंत्री, दी हिदायत

इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पंवार ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम में राज्य शासन का मंत्री एवं और भी कई अतिथिगण आये है और विभाग का कोई भी अधिकारी स्वागत नहीं कर रहा है, यह व्यवहार ठीक नहीं है . उन्होंने कहा कि मैं इसमें ज्यादा आगे नहीं जाना चाहता हूं आगे से ध्यान रखे . राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि वह हर हफ्ते इसी रोड से अपने गांव सेमलापार आते-जाते है . विकास कार्यों की निगरानी करेंगे . उन्होंने कहा कि लखनवास में और भी विकास कार्य किए जाएंगे, जिसमें बस स्टैंड से गांव में जाने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण 50 लाख भी शामिल है, जिसका टेंडर हो गया . जल्द ही भूमिपूजन किया जाएगा . रामलीला मैदान में जल्द ही पेवर्स लगाए जाएंगे . कहा कि पशु चिकित्सालय में जल्द ही पशुओं को स्वस्थ सेवाएं मिले इसके लिए भी कार्य किया जाएगा .

भोजपुर थाने में भिड़े दो पुलिस अधिकारी, हाथापाई तक पहुंचा मामला

कार्यक्षेत्र में अधिकार को लेकर दोनों के बीच मारपीट, टीआई संगीता शर्मा ने दोनों को समझाइश देकर शांत किया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 21 मार्च, का. सीमावर्ती भोजपुर थाने में कार्य अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप को लेकर दो पुलिस अधिकारियों के बीच तनातनी हो गई. मामले में नौबत हाथापाई तक उतर आई. थाने में पदस्थ एसआई और एएसआई कामकाज को लेकर बीट यानी अपने अधिकार क्षेत्रों में आपसी हस्तक्षेप की बात पर आपस में भिड़ गए और कहासुनी हो गई. बताया जाता है कि थाना परिसर के मैदान में दोनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई. विवाद की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संगीता शर्मा बाहर आईं और पुलिसकर्मियों की मदद से आपस में भिड़े एसआई और एसआई को अलग किया.

घटना गुरुवार शाम 5 की है. सूत्रों के अनुसार एक दूसरे की बीट में हिस्से-बांटे को लेकर दोनों में यह विवाद हुआ था. वारदात थाने के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होना संभावित है लेकिन यह सार्वजनिक नहीं है. भोजपुर थाने में पदस्थ एसआई विनोद मीना और एएसआई अशोक कटारिया डे- ड्यूटी ऑफिसर के पास मौजूद थे. वे अपने रोज के काम को लेकर बैठे थे. उसी दौरान दोनों में एक-दूसरे की वीट में दखलअंदाजी व व कार्यक्षेत्रों में हस्तक्षेप को लेकर कहासुनी हुई. मामला तूल पकड़ा और दोनों ने एक दूसरे को गालियां देते हुए हाथापाई कर डाली. लड़ते हुए दोनों थाना परिसर के बाहर तक पहुंच गए.

थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने संभाला मामला - दोनों पुलिस अधिकारियों के बीच विवाद की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी संगीता शर्मा बाहर आई और दोनों को अलग किया. थाना प्रभारी ने दोनों को समझाईश और चेतावनी दी. इस दौरान आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई. भोजपुर थाना टीआई संगीता शर्मा ने नवभारत से चर्चा में कहा कि जहां काम होता है वहां कामकाज को लेकर थोड़ा बहुत तर्क-वितर्क सामान्य बात है. यहां दोनों के बीच तल्खी हुई है लेकिन वह समय पर शांत हो गई. यह सिर्फ छोटी मोटी बहस और कहासुनी है जो कि कामकाज का हिस्सा मानी जानी चाहिए. दोनों का परिवार यहां रहता नहीं है. पुलिसबकल अपना काम करता है तो कई बार स्थिति निर्मित हो जाती है. दोनों साथ काम करते हैं और कर रहे है. हमने दोनों को समझाइश देकर शांत करा दिया है.

परमार्थ यात्रा की शुरुआत विवाह संस्कार से शुरू होती है - प्रेमभूषणजी

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 21 मार्च, सं. सनातन धर्म और परंपरा में गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले अपने जीवन की परमार्थ यात्रा भी शुरूआत करते हैं. गृहस्थ आश्रम को सभी चार आश्रम में श्रेष्ठतम बताया गया है. सनातन परंपरा में विवाह संस्कार को समाज का मेरुदंड बताया गया है.

मध्य प्रदेश के राजगढ़ स्थित बिजासन धाम में विराजमान भेसवा माताजी को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री राम कथा सुनने के लिए श्री धाम अयोध्या से उपस्थित हुए प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज ने नौ दिवसीय कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से उक्त बातें कही.

सरस् श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य श्री प्रेमभूषण महाराज ने माता दुर्गा के इस जागृत शक्तिपीठ में कथा गायन के क्रम में कहा कि सामान्य व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने जीवन के सभी क्रियाओं में संयुक्त रहते हुए भजन में भी प्रवृत्त हों. महाराज जी का सत्कर्म सोचने से नहीं होता है सत्कर्म के लिए सोचने वाले सोचते रह जाते हैं लेकिन करने वाला तुरंत उस कार्य को पूरा कर लेता है. श्रेष्ठ मनुष्य की श्रेष्ठता इसी में है कि वह अपने तप से अपनी आने वाली पीढ़ी के लोगों को गौरव करने के लिए कुछ न कुछ अवश्य दे जाते हैं. व्यासपीठ का सपत्नीक पूजन मुख्य यजमान सत्यनारायण गुप्ता और सांसद रोड़मल नागर ने किया. मीडिया प्रभारी तारकेश्वर मिश्र ने बताया कि कल से कथा का समय दिन में 11 बजे से कर दिया गया है.

ईसरजी और मां पार्वती की पूजा की, मनाया गणगौर पर्व

नवभारत न्यूज, तलेन 21 मार्च, सं. ईसरजी और मां पार्वती का पूजा पर्व गणगौर महिलाओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया. ईसर-पार्वती की पूजा कर गोर गोमती ईश्वर पूजा पार्वती गाती है. इस पर्व की शुरुआत होली पर्व के बाद होती है लगभग 16 दिनों तक चलता है इस दौरान महिलाएं माता गौरी और भगवान शिव की पूर्ति को सजाती है और अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं आज गणगौर के दिन प्रात: से ही महिला 16 श्रंगार कर पारंपरिक वेशभूषा धारण कर आनंद में वातावरण में पूजा की तैयारी करती हैं. तत्पश्चात करने को महिलाओं ने अपने-अपने घरों में तथा दूसरी ओर सामूहिक रूप से नगर के मंदिर में गणगौर की पूजा अर्चना की एवं ढोल धमाका के साथ गणगौर पर्व का जुलूस निकालकर मनाया गया मंदिरों में जाकर भजनों का आनंद मैं वातावरण में इस पर्व को मनाया गया.

शिवमहापुराण कथा में बैजू बावरा प्रसंग सुनाया

शिवमहापुराण कथा में शिव बारात का भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

जीरापुर 21 मार्च, सं. शिव महापुराण कथा का आयोजन नगर के चामुंडा माता मंदिर परिसर में कालोनी के रहवासियों द्वारा करवाया जा रहा है. सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा में कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण महाराज ने कहा कि शिवमहापुराण कथा कहती हैं कि आपने दुनिया को सहारा बना लिया लेकिन एक बार देवाधिदेव महादेव का सहारा तो बना कर देखो दुनिया की कोई ताकत आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है.

कर्दम ऋषि प्रसंग का वर्णन सुनाया. वर्तमान समय पर आधुनिक परिदृश्य पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कैसा युग परिवर्तन हुआ हम हमारी संस्कृति से भटकते जा रहें हैं. शादी के उपरांत हम कुल्लू मनाली कि सैर करते हैं, जबकि हमें हमारी संस्कृति अनुसार किसी भी देव स्थान पर जाकर ईश्वर से आशीर्वाद लेना चाहिए. एक लोटा जल से भोलेनाथ प्रसन्न हो जाते हैं. कामना शुद्ध मन से होना चाहिए. हर काम सिद्ध होता है. एक भरोसा सच्चे मन से शंकर से किया तो आपका कोई नुकसान नहीं. भगवान शिव की महिमा में बताया कि शिव अत्यंत भोले और दयालु हैं, जो सच्ची श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उन्होंने जीवन में सदाचार, संयम और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मानसिक शांति और आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है.

बेजू बावरा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए पंडित अनुराग शर्मा महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति की गहराई से अवगत कराया. उन्होंने बताया कि सच्ची श्रद्धा और भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम से असंभव भी संभव हो जाता है. बेजू बावरा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने समझाया कि भक्ति में शक्ति होती है, जो व्यक्ति को हर कठिनाई से उबार सकती है. कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त महिला उपस्थित रहे और पूरा वातावरण शिवमय व भक्तिमय बना रहा.

त्योहार | **मुस्लिम समाज बंधुओं ने ईद उल फितर की नमाज अदा कर मांगी अमनचैन की दुआ, बच्चों में उत्साह दिखा**

समाज में अमन के लिए की दुआएं, गले मिलकर दी ईद की बधाइयां

नवभारत न्यूज

जीरापुर 21 मार्च, सं. मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा शनिवार सुबह बस स्टैंड ईदगाह पर पहुंचकर बड़ी तादाद में मुस्लिम बंधुओ द्वारा अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद की नमाज अदा की. ईद की नमाज मोहम्मद बिलाल अहमद मौलाना द्वारा कुरान की आयात पढ़ाकर अमन चैन का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा करवाई. बस स्टैंड पर ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रशासन एवं ईद मिलन कमेटी द्वारा रखा गया. इस मौके पर तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी आदित्य सोनी, एस आई संतोष सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद कर्मचारी राकेश मंडलोई, कमल मंडलोई, आजाद झावा, ईद मिलन कमेटी के पूर्व पार्षद वाहिद शाह, अबरार ताई, जमील खान, शाहिद शाह, सदर शहजाद खान, बादशाह लाला, जलील अहमद, शकील अहमद, अशरफ खान, जाकिर खान, हिदायत ताई सहित प्रशासनिक अमला मुस्तेद रहा. ईद मिलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.

सजदे में झुके सिर, गले मिलकर दी बधाई

नवभारत न्यूज, पड़ाना 21 मार्च, सं. शनिवार नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ बरूखेड़ी मगराना इत्यादि ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद-उल फितर का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया. नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी गई. इस मौके पर कांकरिया रोड स्थित ईदगाह में शनिवार सुबह 8.30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई. ईदगाह पर अंजुमन सदर सहित समुदाय के लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी. इस दौरान



छोटे बच्चों विशेष उत्साह दिखाई दिया वहीं नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के पास पहुंचकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी.

सद्भावना के साथ मनाया ईद का पर्व

छापीहेड़ा 21 मार्च, सं. नगर में शनिवार को ईद-उल-फितर पर्व श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने ईदगाह में नवाज अता करके अल्ला ताला से बरकत तथा अमन चैन की दुआ मांगी. नमाज अता के दौरान मस्जिद में एक-दूसरे को ईद पर्व की बधाई दी. ईद के त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विश्व में अमन चैन की दुआ मांगी गई. कांकरिया रोड स्थित ईदगाह में ईद-उल-फितर पर्व पर नवाज अता करने के लिए इस्लाम धर्म के अनुयायी ईदगाह में जमा होना शुरू हो गए थे. वहीं गरीबों को दान दिया. अलिम शजीद मोहम्मद ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को नवाज पढ़ाई तथा भाईचारे को मजबूत करने व विश्व शांति, कौमी एकता की दुआ अल्लाताला से मांगी.

जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्योहार

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 21 मार्च, का. जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में ईद का त्योहार श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया. शहर स्थित ईदगाह में सुबह सामूहिक नमाज अदा की गई. जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर देश और समाज में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी. नमाज के बाद ईदगाह परिसर के बाहर लगाए गए पंडाल में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी.

आपसी सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाई ईद

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 21 मार्च, सं. ईद की नमाज शाही पेश इमाम कारी रशीद साहब ने अदा कराते बयान देते हुए फरमाया की 30 रोजे रखने के बाद आज ईद के दिन अल्लाह बदले में अपने बन्दे को इनाम इकराम से नवाजता है. इस मौके पर अंजुमन सदर अलीम बाबा सेक्रेटरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, डॉ. रफीक शेख खजांची, शेख बहादुर सरपरस्त रफीक अली सेठ पूर्व सेक्रटरी निजाम कुरैशी, पूर्व सेक्रेटरी आबिद हुसैन लोधी, शेख जावेद मौजूद थे. वही नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीएस मंडलोई, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, महेश प्रजापति, निलेश वर्मा, लखन धनगर, आत्माराम पुष्पद, प्रदीप सादानी, प्रमोद सादानी, महेश सोनी ईद मिलन समारोह में मौजूद रहे वंही सद्भावना विकास मंच के सदस्यों ने नमाजिओ का पुष्पों से स्वागत किया.